हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 18 नवंबर 2025

04 सत्वगुन सत्त्वगुन श्रेष्ठ है इसमें व्यक्ति ईश्वर से...



07 जितनी ट्रेनों की मांग की गई थी, सिंधिया के प्रयासों के बाद भी...





## समाचार संक्षेप

### एसआईआरः बीएलओ और सचिव की धमकियों से नाराज आशा-उषा कार्यकर्ता धरने पर बैठीं



**गुना** । आशा उषा आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को जिले में आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल कर शास्त्री पार्क, जिला अस्पताल के सामने धरना दिया। हड़ताल का मुख्य कारण प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होना, एसआईआर सर्वेक्षण में जबरन कार्य कराने का दबाव और कई महीनों से बकाया वेतन भुगतान है, जिससे प्रदेशभर की आशा कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया है।
जिलाध्यक्ष मिथलेश गोस्वामी ने बताया कि बीएलओ और पंचायत सचिवों द्वारा आशा कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाया जा रहा है कि यदि वे एसआईआर सर्वेक्षण नहीं करेंगी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आशाओं को रात में प्रसूताओं की डिलेवरी करानी पड़ती है और सुबह उन्हें सर्वेक्षण के लिए भेज दिया जाता है, जो पूरी तरह अनुचित और अमानवीय है, क्या उनका परिवार नहीं? लगातार बढ़ते कार्यभार और भुगतान न मिलने से प्रदेश की आशा-ऊषा कार्यकर्ता गंभीर आर्थिक संकट में हैं।
मोर्चा ने बताया कि प्रदेशभर में कई जिलों में तीन-तीन संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का तत्काल निराकरण नहीं किया गया, तो 17 नवंबर को प्रदेशभर में 24 घंटे का बड़ा आंदोलन किया जाएगा और जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। धरने में बड़ी संख्या में आशा, ऊषा और सहयोगी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार से तत्काल समाधान की मांग की।

### मारपीट व लूट के मामले में फरार तीन और आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचाए

**गुना** । गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान और उनकी टीम द्वारा दिनांक 5 सितंबर को शहर में एक युवक के साथ मारपीट कर लूटपाट के एक मामले में फरार तीन और आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिये हैं । दिनांक 5 सितंबर 5 की शाम शहर के ग्रीन होटल के सामने 8-10 अज्ञात लोगों के द्वारा अभिषेक पुत्र सुर्दशन तिवारी निवासी भुल्लनपुरा गुना के साथ गाली गालौंच करते हुए लात-घूंसों से मारपीट व लूट की घटना की गई थी । इस घटना पर से गुना कोतवाली में अप.क्र. 495/25 धारा 310(2), 296, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था ।

### प्रतिबंधित इंग्जेक्शन एविल का सप्लायर धर दबोचा, 300 इंजेक्शन बरामद

**गुना** । केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए नशीले एविल इंजेक्शन का सप्लायर गिरफ्तार कर जिसके कब्जे से कुल 300 नग एविल इंजेक्शन के बरामद किए गए हैं । गत दिनांक 16 नवम्बर 2025 की रात केंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि सिंगवासा तालाब के रास्ते पर एक व्यक्ति नशीले इंजेक्शनों से भरा कार्टून लेकर उन्हें बेचने की फिराक में खड़ा है । नशीले इंजेक्शन सप्लाई की उक्त सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तत्काल केंट थाने से पुलिस की एक टीम द्वारा सिंगवासा तालाब रोड़ पर मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तो वहां पर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया । जिसने पूछताछ पर अपना नाम सुनील उर्फ चुक्की पुत्र रामस्वरूप मीना उम्र 38 साल निवासी नजूल कॉलोनी गुना का होना बताया एवं जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद कॉर्टून से 12 पैकेटों में Pheniramine maleate injection I.P. Avil के कुल 300 नग बरामद हुए । सुनील मीना से नशीले इंजेक्शन रखने एवं बेचने के वैद्य पत्र मांगे जाने पर उसके द्वारा अपने पास कोई पत्र न होना बताया, जिससे आरोपी का यह कृत्य म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत दंडनीय होने पर पुलिस द्वारा आरोपी से बरामद इंजेक्शन जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया और जिसके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 1028/25 धारा 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे कहां सप्लाई किया जाना था ।

## घोसीपुरा की "छोटी पुलिया" कैंट क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए नहीं है खतरे से खाली

**ज़रा सी चूक होने पर वाहन धंस जाएगा सीधे नाले में**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंट क्षेत्र से रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए खतरे से खाली नहीं है घोसीपुरा की छोटी पुलियाज़रा सी चूक होने पर वाहन धस जाएगा सीधे नाले में गुना। घोसीपुरा की छोटी पुलियाकेंट क्षेत्र से रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले अधिकतर वाहन घोसीपुरा मार्ग का उपयोग करते हैं, क्योंकि यह रास्ता स्टेशन पहुंचने का सबसे छोटा और सुगम विकल्प है। लेकिन पुलिया की हालत इतनीखराब हो चुकी है विशेषकर रात केसमय कई वाहन चालक यहां वाहन कासंतुलन खो बैठते हैं। लोगों ने बताया कि पुलिया इतनी संकरी है कि दो बड़े वाहनों का एक साथ गुजरना जोखिम भरा हो गया है। इसके अलावा पुलिया के दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग न होने के कारण ज़रा सी चूक में वाहन सीधे नाले में गिर सकते हैं। पुलिया का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका कटाव सड़क की तरफ बढ़ता जा रहा है।



### पुलियाएं बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई

यह केवल शहर की एक पुलिया के हालात नहीं है। बल्कि अधिकांश पुलियाएं बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। शिवकॉलोनी की पुलिया, गोविंद गार्डन की पुलिया, खैजरा रोड पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिनकी मरम्मत का काम शीघ्र किया जाना चाहिए। इसके अलावा पुलियाओं के आसपास रोशनी और रैलिंग आदि की व्यवस्था भी होनी चाहिए। ताकि हादसों के खतरों को कम किया जा सके।

### बांसखेड़ी पुलिया

बांसखेड़ी पुलिया पर बीते दिनों एक गंभीर हादसा होते-होते टल गया। यहां बिना रैलिंग की असुरक्षित पुलिया से एक युवक नाले में जा गिरा। गनीमत रही कि आसपास मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ गई और उन्होंने युवक को नाले से निकालकर अस्पताल भेजा। समय पर बचाव कर लिए जाने से उसकी जान बच गई। घटना प्रकाश में आने के बाद दूसरे दिन मौके पर जिम्मेदारों की आमद तो हुई लेकिन समस्या का समाधान करने की दिशा में उन्होंने कदम अब तक नहीं उठाया। पुलिया वर्तमान में भी इस स्थिति में है वहां पर ना तो कोई सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं और ना ही रोशनी का प्रबंध किया गया।



## भगत सिंह तिराहे पर भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत

# बचाने वाली एंबुलेंस ने ही ले ली बाइक सवार की जान, 1 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की भगत सिंह कालोनी तिराहे पर बेकाबू एंबुलेंस ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद डाला। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। रविवार देर शाम तकरीबन 8 बजे की यह घटना बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक बूढ़े बालाजी निवासी नरेन्द्र प्रजापति (30) अपने साथी अभिषेक कुशवाह के साथ भगत सिंह कालोनी से लौट रहा था। अभी वह हाईवे पर पहुंचा ही था, कि पीछे से आ रही एंबुलेंस ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार युवक छिटककर दूर जा गिरे और सिर में चोट आने से नरेन्द्र प्रजापति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दूसरा युवक घायल अवस्था में था, लिहाजा मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### नल का काम करता था युवक

पुलिस के मुताबिक बूढ़े बालाजी निवासी युवक नरेन्द्र प्रजापति घरों में नल सुधारने का काम करता था। इन दिनों वह भगत सिंह सिंह निर्माणाधीन मकान में नल लगाने का कार्य कर रहा था। रविवार देर शाम वह अपना काम निबटाकर घर लौट रहा था, तभी दो खंबा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के वक्त उसकी बाइक पर अभिषेक कुशवाह नाम का एक अन्य युवक भी बैठा था, जो इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है।





### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

देर शाम हुए इस हादसे के बाद सुबह नाराज लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। भगत सिंह कालोनी के तमाम लोग सड़कों पर बैठ गए, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। चक्काजाम की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा ने किसी तरह लोगों को समझाईश देकर चक्काजाम खुलवा दिया। नाराज लोगों का कहना है कि भगत सिंह कालोनी का यह तिराहा अतिक्रमण की जद में है, जिसके चलते दो खंबा की ओर से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते।

### अंबेडकर चौराहे से शुरू होते हैं मौत के टर्न

शहर के बीच से गुजरी एबी रोड का अंबेडकर चौराहे से दादावाड़ी तक का हिस्सा मौत की सड़क बन चुका है। यहां हादसों के यूटर्न हैं। वाहनों की स्पीड पर लगाम के कोई उपाय नहीं है। रेडियम के संकेतक नहीं हैं। जहां तक की स्पीड लिमिट के बोर्ड भी नहीं हैं। तिराहों-चौराहों पर उजाले की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके चलते ओवर स्पीड वाहन आए दिन सड़कों पर राहगीरों को उड़ा रहे हैं। लोग हादसों को रोकने के उपाय किए जाने की मांग कर रहे हैं। इस सड़क पर हादसों में तमाम मौतें हो जाने के बावजूद भी दुर्घटना की आशंका को न्यूनतम करने के लिए कोई सुधार नहीं किया गया है।

### इनका कहना है

एंबुलेंस में मरीज मौजूद था। इसलिए चालक वाहन को तेज रफ्तार में चला आ रहा था। चूंकि मामला एंबुलेंस से जुड़ा है, लिहाजा अभी चालक की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। हम सीसीटीवी दिखवा रहे हैं, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-अनूप भार्गव**, थाना प्रभारी कैंट गुना।

## वैदिक सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे विस अध्यक्ष

**तीन दिवसीय सम्मेलन का आज अंतिम दिन**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राघौगढ़ क्षेत्र के ग्राम आवन में आयोजित तीन दिवसीय वेदिक सम्मेलन एवं चतुर्वेद पारायण में सोमवार दोपहर में मध्यप्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी शामिल हुए। इस दौरान भारी संख्या में समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पहारों से स्वागत किया। इसके बाद वे आयोजन स्थल पर पहुंचे और सम्मेलन में हिस्सा लिया। दरअसल विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भोपाल से रवाना होकर दोपहर में आवन गांव पहुंचे, जहां पहुंचते ही पहले से ही इंतजार कर रहे अनेक समर्थकों और भाजपाजनों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी से मुलाकात करते हुए हालचाल जाने। इसके बाद वे आयोजन स्थल पर पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर मत्था टेका। इस दौरान पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह सलूजा, विकास जैन, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, एसपी अंकित सोनी भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने पादुका पूजन में सहभागिता की। दोपहर बाद वे तीन दिवसीय वेदिक सम्मेलन और चतुर्वेद पारायण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विशिष्ठ अतिथि के रूप में भारत सरकार के वेदिक विद्या प्रतिष्ठानम के सचिव प्रो. विरुपाक्ष वि. जड्डीपाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने की।



### "तेजस्वी-जेडीयू" पर तकरार और भांजे की हत्या

## मामाओं ने कीचड़ में दबाकर दी दर्दनाक मौत, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बिहार से मजदूरी करने आए तीन रिश्तेदारों के बीच राजनीतिक बहस ने सोमवार रात एक युवक की जान ले ली। कैंट थाना क्षेत्र में बने रहे पुलिस लाइन क्वार्टर्स में राजद समर्थक शंकर मांझी (22) अपने दो मामाओं—राजेश और तूफानी के साथ खाना खा रहा था। शराब के नशे में बिहार चुनाव नतीजों पर हुई तीखी बहस जल्द ही मारपीट में बदल गई। गुस्से में दोनों मामाओं ने शंकर को पास की कीचड़ में घसीटा और उसका मुंह दबा दिया, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शंकर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच में चुनाव नतीजों पर विवाद को ही हत्या की वजह माना जा रहा है।



### आरोन के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन.भिलवारे ने सड़क दुर्घटना में दिखाई मानवता

**सीपीआर देकर बचाई युवक की जान, स्वयं उठाकर पहुंचाया अस्पताल**

**गुना (हरिभूमि न्यूज)**। गुना में सप्ताहिक बैठक से लौटते समय सीबीएमओ डॉ.के.एन. भिलवारे जब आरोन की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े थे, जिसमें एक युवक तड़प रहा था, जबकि दूसरा लगभग बेहोश और अचेत अवस्था में था।घटना देखते ही डॉ. भिलवारे ने तुरंत अपनी गाड़ी को रोककर घायलों को देखा। बेहोश युवक की स्थिति अत्यंत गंभीर थी,उसकी सांसें लगभग बंद हो चुकी थीं, और दिल की धड़कन भी कमजोर पड़ने लगी थी। ऐसे जीवन-मृत्यु के क्षण में डॉ. के.एन भिलवारे ने मौके पर ही सीपीआर देना शुरू किया। कुछ ही पलों में युवक की सांसें वापस आने लगीं और दिल की धड़कन स्थिर होने लगी। यह त्वरित चिकित्सा कार्रवाई उसकी जान बचाने में निर्णायक साबित हुई।इसके बाद डॉ. के.एन भिलवारे ने उस घायल युवक को स्वयं सड़क से उठाकर अपने निजी वाहन में बैठाया, और तुरंत उसे सीएचसी आरोन लेकर पहुँचे, जहाँ इलाज शुरू किया गया। समय पर मिले सीपीआर और शीघ्र अस्पताल पहुँचाने से युवक की कीमती जान बच गई।स्थानीय लोगों ने कहा कि "डॉक्टर साहब ने जिस तरह बंद होती सांसों को सीपीआर देकर वापस लाया और घायल को अपने वाहन में उठाकर अस्पताल पहुँचाया, वह सच्ची मानवता और कर्तव्य का अद्भुत उदाहरण है।

### कुटुंब प्रबोधन गतिविधि द्वारा परिवार मिलन व सहभोज कार्यक्रम संपन्न

# परिवार की शक्ति उसकी एकता में निहित है

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के एक निजी गार्डन में स्वर्गीय नाथूलाल मंत्री जन-कल्याण न्यास के तत्वावधान में कुटुंब प्रबोधन गतिविधि द्वारा परिवार मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी उपस्थित परिवारों को एकत्रित कर महिला, युवा एवं बुजुर्गों के अलग-अलग समूह बनाए गए। इन समूहों में परिवार में साथ बैठकर भोजन करने, संवाद बढ़ाने, समस्याओं पर चर्चा करने तथा पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करने संबंधी सत्र आयोजित किए गए। इसके पश्चात सभी परिवारों को एक साथ बैठाकर मुख्य अतिथि एवं वक्ता हेमंत सेठिया, प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ने संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि परिवार वह प्रथम संस्था है जहां मनुष्य प्रेम, विश्वास और संस्कार सीखता है।






### परिवार को बनाओ पाठशाला

सेठिया ने कहा कि परिवार में यदि भाई-भाई के बीच स्नेह बना रहे, बहन–भाभी में अपनापन हो, माता–पिता के प्रति सम्मान हो तो वह परिवार ही नहीं, एक चलती-फिरती पाठशाला बन जाता है। आज की भागदौड़ भरी जीवन-व्यवस्था में सबसे बड़ा संबल पारिवारिक एकता ही है। जब परिवार एक साथ बैठता है, एक साथ भोजन करता है, एक-दूसरे की बात सुनता है, तो मन के सभी क्लेश दूर हो जाते हैं और हर समस्या का हल सरलता से निकल आता है। परिवार की सबसे बड़ी शक्ति उसका एक होकर चलना है। प्रेम, संवाद और त्याग, ये तीन सूत्र यदि हर घर में जीवित रहें, तो कोई भी मतभेद स्थायी नहीं होता। परिवार मजबूत होगा तो समाज मजबूत होगा, और समाज मजबूत होगा तो राष्ट्र भी सुदृढ़ होगा।

### प्रश्नमंच में बच्चों से पूछे सवाल

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक गिर्राज जी अग्रवाल तथा नगर संघ चालक महेंद्र संधू भी मंचासीन रहे। बच्चों के लिए धार्मिक एवं महापुरुषों के प्रश्न एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए धार्मिक ग्रंथ एवं साहित्य आधारित प्रश्न मंच भी आयोजित किया गया। इसमें रामचरितमानस एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। उत्तम प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किया गया।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्पर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**समाचार संक्षेप**

## एकल कार्यकर्ता गांव गांव पहुंच समाज और राष्ट्र के चहुंमुखी विकास में दे योगदान : हेमंत सेठिया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पंच परिवर्तन को जीवन का स्थायी हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। यह अभियान एक नवंबर से आरंभ हुआ और 30 नवंबर तक चलेगा। संघ का उद्देश्य प्रत्येक हिंदू और हिंदू परिवार तक पहुंच और समाज में संगठन की भावना को मजबूत करना है यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत कुमार सेठिया एकल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कही।

प्रांत कार्यवाह सेठिया रविवार को टेकरी मंदिर हाल गुना में आयोजित एकल अभियान मध्यभारत संभाग चंबल भाग अंचल गुना के एक दिवसीय समिति प्रशिक्षण वर्ग (soc) के समापन सत्र में मुख्य वक्ता बतौर सम्मिलित हुए। श्री सेठिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन के अंतर्गत समाज पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनें, स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, सामाजिक समरसता फैलाएं, नागरिक कर्तव्यों का पालन करें और परिवार को प्रेरणा का केंद्र बनाएं। उन्होंने कहा कि एकल कार्यकर्ता गांव गांव पहुंचे और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति से संपर्क कर हर घर जनसंपर्क अभियान में सहभागिता कर समाज और राष्ट्र के चहुंमुखी विकास में एकल अपनी भूमिका निभाने में सहभागिता करें। एस ओ सी वर्ग के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुना विभाग संघचालक श्री अशोक सिंह कुशवाह एवं विभाग कार्यवाह श्री कदम सिंह मीणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एकल सचिव विकास जैन नखराली ने बताया कि एकल अभियान मध्यभारत संभाग चंबल भाग अंचल गुना का एक दिवसीय समिति प्रशिक्षण वर्ग (soc) का आयोजन किया गया जिसमें जिला गुना, अशोकनगर एवं राजगढ़ जिले की संच समिति एवं अंचल ओर संच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वर्ग का विधिवत शुभारंभ सुबह अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर ने एकल अभियान की सराहना कि साथ ही उन्होंने साईबर ठगी से बचने के उपाय बताए उन्होंने कहा कि मोबाइल पर व्यक्तिगत जानकारी देने से बचे फर्जी कॉलिंग के द्वारा बार बार कोई आपसे ओटीपी मांगे तो उसे अपनी जानकारी न दे और इसकी सूचना संबंधित थाने पहुंचकर अवगत कराएं।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि टेकरी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, मध्य भारत संभाग प्रशिक्षण प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, चंबल भाग अभियान प्रमुख धर्मवीर सिंह गुर्जर, चंबल भाग गतिविधि प्रमुख नारायण सिंह मीणा,श्री हरिकथा संभाग अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी, महिला समिति भाग अध्यक्ष आशा रघुवंशी मंचासीन रहे। स्वागत भाषण अंचल गुना अध्यक्ष मनीष भार्गव ने दिया।कार्यक्रम का संचालन अंचल सचिव विकास जैन नखराली ने किया एवं आभार महिला सचिव रेनू विकास जैन ने माना। तत्पश्चात समापन मंत्र के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआं।

## पीली कोठी पर आयोजित हुआ गीता स्वाध्याय पाठ

# सत्वगुन सत्त्वगुन श्रेष्ठ है इसमें व्यक्ति ईश्वर से जुड़ता है : पं. मनोज शर्मा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गीता जी के 14वें अध्याय के प्रथम ग्यारह श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं प्रकृति से उत्पन्न होने वाले सत्त्व, रज और तम - ये तीनों गुन अविनाशी देही (जीवात्मा) को देह मै बाँध देते हैं। अतः सत्त्वगुण निर्मल होने के कारण प्रकाशक और निर्विकार है। सत्वगुन सत्त्वगुन श्रेष्ठ है इसमें व्यक्ति ईश्वर से जुड़ता है। उक्त विचार पीली कोठी स्थित प्रभाकर भार्गव के निवास पर विश्वगीता प्रतिष्ठानम ,गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल द्वारा आयोजित गीता स्वाध्याय में पं मनोज शर्मा ने व्यक्त किए।

यजमान प्रभाकर भार्गव ने गीता जी का पूजन किया। देवेन्द्र भार्गव ने कहा कि सत्त्वगुण में व्यक्ति का मन पूजा पाठ में लगता हैं अतः . इसे अपनाना चाहिए । अमृत वचन में उमाशंकर भार्गव ने कहा कि गीता जी भगवान के मुख से प्रगट हुई है अतः नित्य गीता पाठ करना चाहिए। प्रेरक प्रसंग शालनी भार्गव ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है अतः गरीबों की मदद करना चाहिए। अमृत वचन प्रस्तुत करते हुए राधेश्याम शर्मा मुद्गल ने कहा किसके जीवन में कब क्या घटित हो जाए विधि के अलावा किसी को कुछ पता नहीं होता इसलिए अपने हृदय में सबके लिए सदैव कुशलता की कामना रखिए 1सुभाषित मैं रामशंकर ने कहा कि पराई स्त्री को माता, पराय धन को मिट्टी समझता है। वही मनुष्य सच्चा है। गीता भजन रामस्वरूप ने प्रस्तुत किया। गीता स्वाध्याय में श्री संजय भार्गव, संगीता भार्गव ,अजय भार्गव ,शालिनी भार्गव ,प्रभाकर भार्गव ,ज्योति भार्गव ,हेमा भार्गव ,परेश भार्गव, निखिल भार्गव ,श्रेया भार्गव, नमन भार्गव ,शिवांश भार्गव, काव्य भार्गव अंकित भार्गव महेश भार्गव ,विजय भार्गव , प्रदीप भार्गव, जीतू बना ,राकेश भार्गव ,नीरज भार्गव ,लोकेंद्र ठाकुर ,बुंदेल सिंह यादव आदि उपस्थित रहे । आगामी रविवार को शास्त्री पार्क स्थित शिव मंदिर पर शाम 4 बजे गीता स्वाध्याय होगा। यजमान बुंदेल सिंह यादव ने सभी धर्म प्रेमियों से स्वाध्याय में शामिल होने का आग्रह किया है 1

## आरोन व अन्य समितियों में सहकारी गीत नवाचार व सदस्यता अभियान संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला सहकारी संघ मर्यादित गुना के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं 72वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह दिनांक 14 से 20 नवम्बर 2025 के कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में विगत दिवस दिनांक 15 नवम्बर 2025 को विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आरोन, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था खजूरी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित आरोन में सहकारी गीत का गायन किया गया। साथ ही सहकारिता में नवाचार, सहकारिता में नये-नये क्षेत्रों का उदय एवं सदस्यता अभियान, सहकारी योजनाओं, कार्यप्रणाली, के संबंध में सहकारी समितियों के सदस्यों एवं कृषकों को सम्बोधित किया गया। शाखा प्रबंधक एवं प्रशासक रोसित श्रीवास्तव, सीसीबी आरोन द्वारा कार्यकम में ही प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सालय, रामपुर, पनवाडीहाट में 05 सदस्यों को सदस्यता प्रदान की गई तथा 01 कृषक को ऋण वितरण किया गया। कार्यकम में श शिवम सिंघल सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक, सत्येन्द्र शर्मा प्रबंधक, जिला सहकारी संघ मर्यादित गुना बबीता सोनी, उप अंकेक्षक, दीपशिखा मिंज उप अंकेक्षक, रोसित श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक, सीसीबी आरोन, समितियों के समिति प्रबंधक, कर्मचारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहे।

## लोधा लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ से निर्विरोध तीसरी बार अजब सिंह राजपूत बने जिला कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर में लोधा लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ का निर्विरोध चुनाव हुआ संपन्न बीनागंज खतौली के महेंद्र सिंह लोधा बने जिला अध्यक्ष महिला जिला अध्यक्ष सुशीला लोधा को बनाया गया । जिला उपाध्यक्ष में नरेंद्र सिंह लोधा (आवन) महाराज सिंह लोधा (मऊगढा) जिला संयोजक अरविंद सिंह लोधा (शिक्षक) कोषाध्यक्ष अजब सिंह राजपूत रामबाबू लोधा (वकील) को प्रमोटर नियुक्त किया गया । बमोरी ब्लॉक से अध्यक्ष



रणजीत सिंह लोधा को सचिन धर्मराज उपाध्यक्ष जय प्रताप सिंह को बनाया गया । आरोन ब्लॉक से जीवनलाल नरवरिया को अध्यक्ष बनाया । मंच का संचालन सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी एवं लोधा लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ के भूतपूर्व जिला अध्यक्ष मेघ सिंह नरवरिया द्वारा किया गया । सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाकर एवं प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर लोधा लोधी समाज से बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी समाज बंधु उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग की सलाह, कृषक निर्धारित दरों पर ही क्रय करें उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जिले के कृषकों को सूचित किया गया है कि, वर्तमान में जिले को कोरोमंडल कंपनी की रैक से एनपीके एवं डीएपी खाद प्राप्त हुआ है। जिसे प्राथमिक सहकारी समितियों, प्राइवेट डीलर, एमपी एग्रो एवं डबल लॉक के माध्यम से वितरित कराए जाने हेतु भण्डारित किया गया है।

गुना जिले की पैक्स सहकारी समितियों कों एनपीके एवं डीएपी आंवटित हुआ है जिसमें क्रमशः समिति मावन, झागर, बमोरी, रामपुरकालोनी, मगरोडा, फतेहगढ, रामपुर, देहरीकलां, सालय, सहरोक, मूडराखुर्द, खामखेडा, रामनगर, गावरी, मक्सूदनगढ, बरसत, बारोद, नसीरपुर, डोंगर, जामनेर, चांचौडा, पैंची, रानीखेजरा, तेलीगांव, बडौद, सानई, भमावद, मगवास में 25-25 मे.टन एवं मगराना व खजूरी में 15-15 मे.टन व झाझोन में 10-10 मे.टन एनपीके खाद प्राप्त हुआ है। उक्त उर्वरक समितियों के डयू सदस्यों को वितरित किया जायेगा एवं प्राइवेट डीलरों में कृष्णा कृषि क्लिनिक गुना को 25.00 मे.टन, आदित्य ट्रेडर्स कुंभराज को 30.00 मे.टन, पोसरिया कृषि सेवा केन्द्र गुना को 05.00 मे.टन, संगम कृषि सेवा केन्द्र गुना को 7.50 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र गुना में 350 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र बमोरी में 100 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र आरोन में 100 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र राघौगढ में 75 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र मधुसूदनगढ में 67 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र बीनागंज में 75 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र कुंभराज में 50 मे.टन एवं एम.पी.एग्रो गुना में 86 मे.टन एनपीके आवंटित किया गया है। इसी प्रकार डीएपी वितरण इस प्रकार है पैक्स मावन, ढोलवाज, झागर, बरखेडागिर्द, खोंकर, धमनार, मगराना, टकनेरा, गढलाउजारी, विशनवाडा, रामपुरकालोनी, चीमरामपुर, परवाह , पनवाडीहाट, देहरीकलां, सालय, मूडराखुर्द, खामखेडा, रामनगर, धरनावदा, आवन, बडाआमल्या, रूठियाई, गांवरी, बरसत, नसीरपुर, डोंगर, जामनेर, बडौद, सानई, भमावद, मृगवास, सोनाहेडा तेलीगांव, लखनवास, बटावदा को 25-25 मे.टन डीएपी, प्राइवेट डीलरों में हिमांशी ट्रेडर्स आवन का 30 मे.टन, आदित्य कृषि सेवा केन्द्र आवन को 60 मे.टन, आरती कृषि सेवा केन्द्र कुंभराज को 30 मे.टन, रामसिंह कृषि सेवा केन्द्र म्याना को 10 मे.टन, अंबानी ट्रेडर्स फतेहगढ को 30 मे.टन, राहुल टेडिंग कंपनी आरोन 50 मे.टन, पूजा ट्रेडर्स सेनबोर्ड को 15 में टन, न्यू ओम कृषि सेवा केन्द्र को 15 मे.टन, माँ निहाल देवी ऊमरी को 15 मे.टन, अंसार ट्रेडर्स राघौगड को 30 मे.टन, सोमिल फर्टीलाईजर गुना को 60 मे.टन, किरार ट्रेडर्स को 30 मे.टन, खाटूश्याम कृषि सेवा केन्द्र को 15 मे.टन, अमन बीज भण्डार को 30 मे.टन, कलियान ट्रेडर्स को 30 मे.टन, वंशी ट्रेडर्स को 30 मे.टन, एस के सेल्स आरोन को 30 मे.टन, वशिया ट्रेडर्स को 30 मे.टन, सिद्धी विनायक पीपलखेडी को 30 मे.टन, पूजा कृषि सेवा केन्द्र पीपलखेडी को 30 मे.टन, शर्मा कृषि सेवा केन्द्र गुना को 7.5 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र गुना में 150 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र बमोरी में 150 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र आरोन में 150 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र राघौगढ में 127 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र मधुसूदनगढ में 100 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र बीनागंज में 150 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र कुंभराज में 75 मे.टन एवं एम.पी.एग्रो गुना में 95 मे.टन डीएपी आवंटित किया। शेष सहकारी समितियों को भी मांग के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराया जावेगा।

**साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कई मुददों पर चर्चा**

# कलेक्टर ने कहा - पराली को लेकर किसानों को जागरुक किया जाए



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पराली न जलाने हेतु कृषकों को जागरूक किया जाए साथ ही शासन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पराली जलाने वाले कृषकों पर प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाए। कृषकों को जागरूक करने हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा सत्त भ्रमण किया जाएं।

ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी कराए जाने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाए इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में स्थित गौ शालाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया जाए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रति सप्ताह भिजवाया जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी नवीन गौशालाएं जो पूर्ण हो चुकी है उन गौ शालाओं को संबंधित ग्राम पंचायत को सौपी जाएं। उन्होंने पशुओं की ट्रेंगिंग का कार्य गंभीरता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। छात्रावासों का करें अधिकारी निरीक्षण। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अधिकारियों द्वारा रोस्टर अनुसार निरीक्षण किए जाए। निरीक्षण उपरांत पालन प्रतिवेदन अविलंब भेजा जाएं। व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वरिष्ट कार्यालयों, केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त होने वाले अर्द्धशासकीय पत्रों का उत्तर समय पर भिजवाना सुनिश्चित करें।




## पुलिस विभाग द्वारा मुस्कान विशेष अभियान आयोजित

अशोकनगर। द्रोपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल शाडोरा में शाडोरा पुलिस विभाग द्वारा मुस्कान विशेष अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी शाडोरा सुनील सिकरवार एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा,एएसआई जितेंद्र रघुवंशी तथा कॉन्स्टेबल प्रशांत खटीक उपस्थित रहे। साथ ही सहायक निदेशक हिमांशु उपाध्याय और प्राचार्य अजय शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में थाना प्रभारी शाढौरा सुनील सिकरवार ने विद्यार्थियों को बताया कि लड़कियों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष क्यों निर्धारित की गई है, बाल विवाह समाज के लिए कितना हानिकारक है और इसे रोकना क्यों आवश्यक है। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी। एएसआई जितेंद्र रघुवंशी और अन्य अधिकारियों ने बाल मजदूरी को रोकने के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाई। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं होता और प्रत्येक विद्यार्थी यदि अपने अंदर सकारात्मक बदलाव लाए, तो वह देश में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों के पालन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा, जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। साथ ही योजनावार बजट पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने कलेक्टर/कमिश्नर कांफ्रेस में की गई पंचायत राज्य से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने एक बगिया मां के नाम की जनपदवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने निर्माणाधीन 06 गौशालाओं के कार्य की अद्यतन जानकारी लेकर निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी गौशालाओं का अधिपत्य पंचायतों को सौंपा जाकर गौशालाओं का संचालन प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने श्मशान घाट, शांतिधाम के निर्माण के संबंध में समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया।

उन्होंने चयनित वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने,ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तानांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास एवं पीएम जनमन की प्रगति एवं समावेशी विकास पर चर्चा की गई।

उन्होंने जलसंवर्धन के अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने तथा वित्तीय संस्थानों से जोडे जाने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने लखपति दीदी के अंतर्गत बैंकों से ऋण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने गणना पत्रकों की मैपिंग व डिजिटाइजेशन की समीक्षा की

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा गूगल मीट के माध्यम से गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन की समीक्षा विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये बीएलओ सुपरवाईजरों से गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाइजेशन से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही निर्धारित समय सीमा में गणना पत्रकों के मेंपिंग तथा डिजिटाईजेशन का पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देश दिए जिन गणना पत्रकों की मेंपिंग के कार्य का प्रतिशत कम है,वह अपने प्रतिशत बढाए। जिससे कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

अशोकनगर। स्थानीय अम्बेडकर मोहल्ला निवासी अशोक अहिरवार उम्र 40 साल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जब परिवारजन उन्हे जिला अस्पताल लेकर गए तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार जन शव को अपने साथ ले जाने लगे पुलिस ने रोका जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई यहां पर लोग



विरोध प्रदर्शन करने लगे और अस्पताल के बाहर भीड़ लग गई। इस दौरान पुलिस ने उनको समझाईस दी जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार हुए।

# भारतीय मजदूर संघ ने समस्याओं पर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सोमवार को भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें श्रमकों के साथ सभी विभागों के कर्मचारियों की मांगो को उठाया गया है। 46 सूत्रीय मांगों का यह ज्ञापन का वाचन भारतीय मजदूर संघ अशोकनगर के जिला मंत्री हरिसिंह रघुवंशी (हैरी) द्वारा किया गया। इस दौरान सभी विभागों के कर्मचारी शामिल थे।




### मांगों के बिंदु

प्रदेश के विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों हेतु संविदा नीति 2023 की कडिका 9.8. 6.2 एवं 11.5 विलोपित कर सभी विभागों में एक समान नीति लागू की जाए।

वर्ष 2007 से कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अंतर्गत कार्यरत किसान मित्र एवं दीदी को कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2019 में सेवा से पृथक किया गया था उनकी बहाली की जाए।

मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक/ग्रन्थपाल/क्रीडाधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध कार्यरत अतिथि विद्वानों को पदों हरियाणा राज्य शासन की नीति की तरह सिक्योरिटी ऑफ सर्विस प्रदान कर 65 वर्ष तक सेवा निरंतर करते हुए मासिक मानदेय एवं अन्य हित लाभ प्रदान किये जायें।

म.प्र. शिक्षक भर्ती की न्युनतम अर्हता प्राप्त, एवं लम्बे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को उनके कार्य वर्षों के आधार पर अनुभव का लाभ (बोनस अंक) देकर भविष्य सुरक्षित किया जाये।

बिजली कम्पनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य अनुभव के आधार पर बोनस अंक एवं आयु सीमा में छूट देते हुए समकक्ष पदो पर नियमित भर्ती में प्राथमिकता दी जायें।

कम्पनी केडर के उच्च शिक्षा (बी.ई/बी.टेक./ए.एम.आई.ई.) प्राप्त कनिष्ट अभियंताओं को सहायक अभियंता एवं उच्च शिक्षा डिप्लोमा प्राप्त कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंताओं के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाये।

विद्युत कम्पनियों में वर्ष 2009 से वर्ष 2018 के पूर्व तक नियुक्त कर्मचारियों की वेतन विसंगति सावतें वेतनमान में मूलवेतन 2300/- की जगह 25300 से करने हेतु उन्हें वर्तमान में 3 वेतन वृद्धि प्रदान कर उक्त वेतन विसंगति दूर की जाये।

वर्ष 2006 के उपरांत नियुक्त नियमित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी विद्युत देयक में 50 प्रतिशत की छूट दी जाये।

संविदा नीति में 50 प्रतिशत आरक्षण के अतिरिक्त वर्ष 2013 में विद्युत कम्पनियों में नियमित पदो के विरूद्ध परीक्षा दे कर भर्ती हुए संविदा कर्मचारियों नियमित रिक्त पदो पर नियुक्ति प्रदान की जायें।

अनुकम्पा नियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के सी.पी.सी.टी. परीक्षा के संबंध में पूर्ववर्ती नियमों अनुसार संशोधन किया जाकर सेवा सुरक्षित की जावे।

**हर वार्ड, हर गली में कार्य जारी**

## एसआईआर कार्यक्रम की जमीनी मुहिम तेज की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

एसआईआर कार्यक्रम ने ज़मीन पर अपनी पकड़ मज़बूत कर ली है। नागरिकों जानकारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, यह विशेष अभियान अब प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक गली तक पहुंच रहा है, यह कार्यक्रम, जिसका मुख्य उद्देश्य 2003 की मतदाता सूची से मतदाता के उनके परिवार वालो का मिलान किया जा रहा हैं। अब एक व्यापक और समावेशी रूप ले चुका है। बी.एल.ओ की टीम घर-घर जाकर सुनिश्चित कर रहे हैं। नागरिकों की भागीदारी, स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया



है कि कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों को बनाए रखा जा रहा है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया, हमारा लक्ष्य है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए ज़मीनी स्तर पर काम कर रहे नागरिकों से अपील की गई है कि वह इस कार्यक्रम की टीम के साथ सहयोग करें और अपने आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड को तैयार रखें। यह अभियान 04 दिसम्बर तक जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रूहाना निवासी धर्मलाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तमाशा चक्क निवासी भूरी बाई बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल और सरदार बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निदान पुर निवासी कलियाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलीबाई और अशोक अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और ट्रैक्टर से हमला किया

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत विनोद जैन पुत्र हरीश चन्द्र जैन लाईन परिचालक केन्द्र नईसरायं ने रिपोर्ट दर्ज क राई है कि ग्राम बमुरिया रेंझा घाट की टगर में बलवीरसिंह यादव की पत्नी एवं पुत्र वधु तथा रंजीत यादव ने शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाई और ट्रेक्टर से उस पर हमला किया।

### आजाद खान का शस्त्र लायसेंस निलंबित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के प्रतिवेदन के आधार पर आजाद खान पिता अलीम खान निवासी कोलुआ थाना देहात हॉल आजाद मोहल्ला थाना कोतवाली अशोकनगर के विरूद्ध 10 अपराध प्रकरण दर्ज होने पर अवर्जित 32 बोर पिस्टल शस्त्र लायसेंस निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने को दृष्टिगत रखते हुए एवं लोक शांति की दृष्टि से आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3) के तहत शस्त्र लायसेंस के निलंबन की कार्यवाही की गई।

### अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया गया

**ईसागढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति द्वारा अन्नकुट भंडारे का किया आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए। दोपहर 3:00 बजे से अन्नकूट भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें करीब 5000 लोगों को प्रसाद वितरण करने का लक्ष्य लिया। हिंदू उत्सव समिति करीब 10 वर्षों से अन्नकूट भंडारे का आयोजन कर रही है। जिसमें नगरवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित होकर अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### सारी ट्रेनों को लेकर सूचना के अधिकार में आपत्तियां जताईं

# जितनी ट्रेनों की मांग की गई थी, सिंधिया के प्रयासों के बाद भी अधिकारियों का नकारात्मक रूख!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कोरोना काल से पहले जितनी ट्रेने चल रहीं थीं वह ट्रेनें आज भी चालू नहीं हुईं। नईं ट्रेनों की मांग भी बंद ट्रेनों में शामिल। सभी ट्रेनों को लेकर सूचना के अधिकारी के अंतर्गत मांगी गई जानकारी में एक के बाद एक नकारात्मक रूख दिखाया गया है। जिसने यह बता दिया है कि सांसद सिंधिया कितने भी प्रयास करें अगर अधिकारी नहीं चाहते तो कैसे ट्रेनों को संचालन होगा। सूचना के अधिकार में यह जबाव ज्वाइंट डायरेक्टर कोंचिंग एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय भारत सरकार राजेश कुमार द्वारा दी गई है।

### रेल मंत्री सिंधिया के दबाव के बाद पहली एक्सप्रेस साबरमती ट्रेन चलना प्रांरभ हुई थी।

एक वाक्या याद आता है जब वर्ष 1986 में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया रेल मंत्री बने थे। तब उनके कार्यकाल में साबरमती एक्सप्रेस जो मक्सी से भोपाल होकर जाती थी उसका मार्ग बदलकर मक्सी से गुना,अशोकनगर बीना के रास्ते से चलाया गया था। तब अधिकारियों ने आपत्ति जताई थी और कहा था कि रेलवे ट्रेक की स्थिति कमजोर है अगर ट्रेन को यहां से निकाला गया तो कोई भी हादसा हो सकता है। तब तत्कालीन रेल मंत्री ने अधिकारियों से कहा था कि आप इसकी चिंता न करें इसकी जिम्मेदारी मैं लेने को तैयार हूं आप ट्रेन चलाएं। उसके बाद इस खण्ड पर पहली एक्सप्रेस ट्रेन साबरमती एक्सप्रेस चलना प्रारंभ हुई थी। अगर सिंधिया जी ने दबाव नहीं बनाया होता और अधिकारियों के अनुसार चलते तो आज भी यह ट्रेन नहीं चल पाती।

अशोकनगर से विभिन्न ट्रेनों के संचालन एवं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को चलाए जाने के लिए जो पत्र क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को लिखे गए थे। उस पर पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के परिचालन विभाग के उप मुख्य परिचालन प्रबंधक कोचिंग नवनीत राज के द्वारा जो टिप्पणियां प्रमुख कार्यकारी निदेशक कोचिंग रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय नई दिल्ली को भेजी गई है, इन नकारात्मक टिप्पणियों के कारण अशोकनगर से ट्रेनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। यह सूचना का अधिकार डॉक्टर योगेश मिश्रा चंदेरी के द्वारा लगाया गया था। उस आधार पर यह जानकारी ईमेल के माध्यम से भेजी गई है। उसमें पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के परिचालन विभाग द्वारा भेजी गई टिप्पणियां संलग्न की गई है, इनके अध्ययन से यह स्पष्ट हो गया है कि, जबलपुर मुख्यालय के द्वारा जो




नकारात्मक टिप्पणियां की गई हैं,इनके कारण अशोक नगर से इंदौर, जबलपुर, कोटा तथा कोटा सिरसा एक्सप्रेस ट्रेन एवं छकडा पैसेंजर ट्रेन के चार चक्कर चलाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

### इन्दौर जबलपुर ट्रेन के बारे में जबाव

इंदौर जबलपुर ट्रेन के परिचालन को लेकर मांगी गई जानकारी में कहा गया है कि कम यात्री संख्या होने के कारण रद्द किया है। नर्मदा एक्सप्रेस और ओवरनाइट एक्सप्रेस का हवाला देकर पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर ने यह लिखा है कि यात्री इनका लाभ ले सकते हैं, यह ट्रेन भोपाल से गुजरती है इनका अशोकनगर से कोई संबंध नहीं है। यह कैसा जबाव है।

### कोटा जबलपुर को लेकर जबाव

इसी प्रकार कोटा जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन जो चलती थी उसके संबंध में कम यातायात अनुमान के कारण इस ट्रेन को रद्द करना तथा कोटा एवं जबलपुर में अनुरक्षण की व्यवस्था न होने के कारण इसे पुनः चलाए जाने में पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर द्वारा असमर्थता जताई गई है, इस नकारात्मक टिप्पणी के कारण ही कोटा जबलपुर ट्रेन का परिचालन संभव नहीं हो पा रहा है। सवाल यह है कि पहले कैसे हो रहा था।

### बीना गुना पैसेंजर के 4 चक्कर को लेकर जबाव

बीना गुना पैसेंजर ट्रेन जिसे अब बीना रुठियाई कर दिया गया है उसके चार चक्कर लगाए जाने के संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर ने दोपहर 12:45 से 3:45 के बीच बीना गुना खंड पर ब्लॉक कॉरिडोर होने एवं सुरक्षात्मक दृष्टि से समय अभाव के कारण चार चक्कर चलाई जाने में असमर्थता व्यक्त की है और इस प्रकार की नकारात्मक टिप्पणी होने के कारण ट्रेन नंबर 61611 तथा ट्रेन नंबर 61612 के चार चक्कर लगाए जाने में असमर्थता व्यक्त की गई है।

### कोटा सिरसा ट्रेन को बीना तक बढ़ाने तक मामले में जबाव

ट्रेन नंबर 19707,19808,19813 एवं 19814 कोटा सिरसा एक्सप्रेस ट्रेन को बीना जंक्शन तक बढ़ाई जाने की जो मांग रखी गई थी उसके संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के परिचालन विभाग द्वारा बीना में पिटलाइन न होने एवं बीना में प्रारंभिक अनुरक्षण कार्य की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण कोटा सिरसा एक्सप्रेस ट्रेन को बीना जंक्शन तक बढ़ाए जाने में असमर्थता व्यक्त की है। कोटा से बीना के बीच ट्रेन के समय के संबंध में भी नकारात्मक टिप्पणी करते हुए जो पत्र रेलवे बोर्ड को भेजा है इसके कारण इस ट्रेन का बीना जंक्शन तक बढ़ाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। वहीं अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर पिटलाइन न होने के कारण ट्रेनों के परिचालन के संबंध में भी नकारात्मक टिप्पणी की गई है यह सभी नकारात्मक टिप्पणियां अशोकनगर से ट्रेनों के परिचालन में कठिनाई उत्पन्न कर रही हैं।

### बीना नागदा को पुराने समय पर चलाने को लेकर जबाव

बीना नागदा ट्रेन के समय परिवर्तन के संबंध में भी नकारात्मक टिप्पणी करते हुए यह अवगत कराया गया है कि इस ट्रेन के समय बदलाव करने से यात्रियों के हित प्रभावित होंगे और यह भी लेख किया गया है कि बीना नागदा के बीच 12 जोड़ी ट्रैनें परिचालन में है, जबकि इतनी ट्रेनों का परिचालन बीना नागदा सेक्शन पर नहीं है।

### वंदे भारत ट्रेन को लेकर विचार हो सकता है

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संबंध में यह टिप्पणी की गई है कि रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय यदि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को अशोकनगर गुना शिवपुरी से परिचालन करने के लिए आदेश जारी करता है तो इस संबंध में विचार किया जाएगा।

## स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी क्लीनिक में नहीं हैं पर्याप्त सुविधाएं, रोगी होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मरीजों को और उनके परिवार जनों को समय पर उपचार मिले इसको लेकर शासन ने तमाम योजनाएं चला रखी हैं। इन्ही योजनाओं के तहत रोगियों को कम दूरी तय करने पर इसके लिए आरोग्य धाम तथा शहरों में प्रधानमंत्री संजीवनी क्लीनिक और जिला मुख्यालय पर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं।

शहर की दो सबसे बड़ी मध्यम वर्ग की वस्तीयों के बीच शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया गया था। यह केन्द्र थूवोन सड़क मार्ग पर संचालित है जिसमें एक डॉक्टर सहित 4 नर्सिंग स्टाप और अन्य चिकित्सा कर्मचारी हैं। जब मौके पर देखा तो पता चला कि डॉक्टर 3 माह से इस केन्द्र पर आए ही नहीं। नर्सिंग स्टॉप अपनी सूझबूझ से और ज्ञान के अनुसार मरीजों का उपचार कर रहे है। नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि यहां पर 200 प्रकार की दवाईयां



उपलब्ध हैं। जबकि शासकीय स्तर पर स्वास्थ्य केन्द्रों पर 360 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहना चाहिए। सभी रोगों की जांच करने वाले उपकरण भी होने चाहिए। यहां जिले में संचालित एएनएम सेंटर की 8 प्रसूती नर्सिंग स्टाफ को भी ट्रेनिंग दी जा रही है।

इसी प्रकार नए वस स्टेण्ड के ग्राउन्ड में प्रधानमंत्री संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की गई है। संजीवनी क्लीनिक पर पदस्थ डॉक्टर हरिओम धाकड़ ने बताया कि हमारे क्लीनिक में स्टाफ की कमी है। कईं उपकरणों की भी आवश्यकता है। इसके लिए हमारे द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग को कईं पत्र लिखे गए हैं परन्तु उक्त उपकरणों की आपूर्ति नहीं हो पाई है। हमारे यहां पर कम्प्यूटर सिस्टम खराब पड़ा हुआ है जिससे हम जननी स्वास्थ्य केन्द्र की जानकारी एप्प पर अपलोड नहीं कर पाते हैं। हमें जो शासन की ओर से गाईडलाइन हैं उस अनुसार लाभ नहीं मिल पाता जबकि हम शासन की गाईडलाइन अनुसार कार्य करते हैं। संजीवनी स्वास्थ्य केन्द्र में रोगियों को उपचार के दौरान डॉक्टर की सलाह पर यदि उसे इंजेक्शन लगवाना है तो उसे थूवोनजी रोड स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाना पडता है। इस तरह की कईं समस्याएं बताई गईं।




### गौशाला में जाकर सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया

**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति ने गुना रोड पर स्थित गोशाला में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान गोशाला में आश्रित गायों को गुड़, गजक, केला और हरा चारा खिलाया गया। तिलक लगा कर और माला पहनाकर गाय माता की पूजा की गई। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने बताया कि सेवा ही उनका मुख्य संकल्प है।जैसे सर्दियों में गायों को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है इसलिए गुड़ और हरे चारे का वितरण किया जा रहा है। गाय हमारी संस्कृति और समाज का प्रमुख हिस्सा है । हम चाहते है कि किसी भी गाय को भूखा न रहना पड़े इसलिए आगे भी यह काम जारी रहेगा। इस सेवा के काम में गायत्री अरोरा के साथ कोषाध्यक्ष सुषमा छाबड़ा, डॉली,प्रिया ,प्रियंका आदि सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाए गए रेडियम रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शीत ऋतु के आगमन के साथ जिले में प्रातः एवं रात्रि के समय घना कोहरा होने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं में वृद्धि हो जाती है। कोहरे के दौरान दृश्यता कम होने के कारण विशेषकर पुराने, बिना पेंट वाले तथा बिना रिफ्लेक्टर वाली ट्रैक्टर/ट्रालियां और लोडिंग वाहन सड़कों पर अन्य वाहन चालकों को समय रहते दिखाई नहीं देते, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मण्डी में आने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं।

इसी क्रम में थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा मय यातायात बल के नई मंडी परिसर मोहरी में विशेष अभियान संचालित किया गया।इस दौरान लगभग 500 ट्रैक्टर/ ट्रालियों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से अधिकतर पुरानी एवं बिना पेंट



वाली ट्रालियां चिन्हित की गईं। इन वाहनों पर सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप हाई-विजिबिलिटी रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। अभियान के दौरान चालक एवं किसानों को रिफ्लेक्टर सामग्री भी वितरित की गई तथा रात्रि में हेडलाइट/टेललाइट का उपयोग, धीमी गति से चलने, तथा सड़क के बाईं ओर से चलने संबंधी आवश्यक समझाईश दी गई। उन्हें यह अवगत कराया गया कि रिफ्लेक्टर लगने से वाहन 200-300 मीटर की दूरी से भी स्पष्ट दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आती है। यातायात पुलिस की यह पहल कोहरे के मौसम में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए अत्यंत प्रभावी कदम है। भविष्य में भी जिले के अन्य क्षेत्रों में ऐसे जागरूकता एवं रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके और नागरिक सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें। उपरोक्त कार्यवाही में रक्षित निरीक्षक तथा थाना प्रभारी यातायात स्नेहा ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक निरंजन सिंह, प्रधान आरक्षक देवेंद्र रघुवंशी, आरक्षक दीपक यादव, आरक्षक ज्ञान सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं जिसमें 5 लोग घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना रात्रि में ग्राम खिरिया से अशोकनगर आते समय एक स्कूटी चालक में पीछे से बुलेरो वाहन ने टक्कर मारी जिसमें दो लोग घायल हुए हैं जिसमें से एक का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है दूसरे को गुना भेजा है। जिला अस्पताल में उपचार करा रहे जीवन नामदेव निवासी वृन्दावन कॉलोनी अशोकनगर इसी वाहन पर जीवन के साथ खिरिया गांव के मंगी सरदार भी बेठकर अशोकनगर आ रहे थे तभी देहात थाने से पहले मैरिज गार्डन के समीप स्कूटी वाहन में बुलेरो वाहन टक्कर मारकर चली गई जिसमें यह दोनो लोग घायल हो गए।

इसी प्रकार दूसरी घटना सोमवार सुबह 10 बजे की है। एक ऑटो वाहन में बैठकर 3 शिक्षिकाएं और बच्चे ग्राम सहोदरी प्राथमिक विद्यालय को जा रहे थे जब यह वाहन मैरिज गार्डन के समीप से गुजर रहा था तभी सामने से आ रहे ट्रक को बचाते समय ऑटो ने साईड लेते समय सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में शिक्षिका ज्योति शर्मा पति दिनेश शर्मा, शिक्षिका रमा ठाकुर पति रामवीर सिंह धाकड़, शिक्षिका पूनम पति योगेश सराटें घायल हो गईं। जिन्हें 112 वाहन से जिला असपताल में भेजा गया। सभी घायलों को सड़क किनारे एक दुकान संजीव एग्रो के कर्मचारी दुकान खोल रहे थे उसी समय यह घटना हुई। संजीव ओझा ने बताया कि सामने से एक ट्रक आ रहा था उसी दौरान साइड लेते समय ऑटो पलट गया। ऑटो में 3 महिलाएं और 3 बच्चे और वाहन चालक बैठा था सभी वाहन के नीचे दबे हुए थे हमने तुरंत जाकर वाहन से महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला। सभी लोग सुरक्षित हैं।

### नगरीय निकायों में गीता भवन के लिए भूमि का चिन्हांकन कर भूमि आवंटन के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

*अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के अंतर्गत आवास योजना के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर पात्रता अनुसार पात्र हितग्राहियों की डीपीआर शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत नगरीय निकायों को शासन से प्राप्त लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंकों में तत्काल भेजें तथा पूर्व से बैंकों में वितरण हेतु लंबित प्रकरणों में राशि वितरण कराकर निराकरण करें। समस्त नगरीय निकायों में गीता भवन बनाये जाना है इसके लिये भूमि का चिन्हांकन कर भूमि आवंटन के लिये प्रस्ताव भेजें। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करायें। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अमृत हरित पौधरोपण महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण की प्रगति बढाये जाने के निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सडक एवं नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देकर सफाई कार्य का कराया जाए। उन्होंने नगरीय निकाय द्वारा राजस्व बसूली की प्रगति कम होने पर वसूली बढाये जाने के निर्देश दिये गये। सभी प्रतिष्ठानों,सरकारी और निजी का अग्नि सुरक्षा ऑडिट प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें। शासन द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 लागू किये गये है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिये कॉलोनियों का विकास हेतु कॉलोनी की विकास अनुमति प्राप्त करने हेतु कलेक्ट्रेट में सिंगल बिंडो प्रारंभ की गई है इसके माध्यम से उक्त अनुमतियां प्राप्त की जा सकती है। बैठक में समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित उपयंत्री तथा संबंधित शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।*


### मुनिश्री सुधासागर महाराज ने थूवोनजी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा...

# जिंदगी की इतनी आवश्यकता है कि एक पूरा करो दूसरी सामने खड़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रायः व्यक्ति काम चलाऊ जिंदगी के लिए ही सोचता है जिंदगी की इतनी आवश्यकता है कि एक को पूरा करो दूसरी सामने खड़ी है। एक को आप पूरा करते ही दूसरी आवश्यकता तैयार हो जाती है एक के बाद बड़ती चलीं जाती है यानी मन बदलता रहता है। ऐसे ही हम निगोद में थे वह सोचते तस वन जाये पंच इन्द्रीयो को प्राप्त कर लिया इसके बाद सभी मनुष्य पर्याय को प्राप्त करने का संघर्ष चलता रहा। आज हमें मानव जन्म मिला है इसको हमें भोग विलास में नहीं गवाना तेरी इच्छाएं कभी खत्म नहीं होगी इन इच्छाओ पर नियंत्रण करके कुछ ऐसा करो कि जगत में रहते हुए आपकी कीर्ति बड़े और ऐसा परमार्थ करना की ये मानव जीवन सफल हो सकें।

**आचार्य श्री ने कभी नहीं कहा कि वे अपने गुरु के सामने ऊंचे आसन पर बैठे** उन्होंने कहा कि मान लो जंगल में तुम्हारी गाड़ी की लाइट चली गई तो क्या करना लाइट बाली गाड़ी निकले तो उसके पीछे अपनी गाड़ी लगा देना तुम अपने गन्तव्य को प्राप्त कर लोगे। ऐसे ही तुम मुनि महाराज तो नहीं वन सकते लेकिन महाराज जी के पीछे लगकर अपना कल्याण कर लेना। एक बार आचार्य श्री से मैंने प्रश्न किया गुरु महाराज ज्ञान सागर जी ने आपको गुरु वना दिया आपको ऊंचे सिंहासन पर विराजमान करके नीचे बैठ गये। उन्होंने कहा कि तुम लोगों को खुरापाती आतीं हैं हमने कहा गुरु सामने बैठे हैं।





### पहली बार श्रीसुधासागर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में देशभर की टीमे आएंगी-विपिन सिंघई

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंघई ने कहा कि अंचल के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी में पहली बार परम पूज्य गुरुदेव के नाम से लीक से हटकर कोई अन्य गति विधि के रूप में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में देशभर की सोलह प्रमुख तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो को आमंत्रित किया गया है जिनको परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। सभी टीमें अठारह नम्बर को प्रातः साढ़े सात बजे क्रिकेट मैदान में एकत्रित होगी वहां मार्च पास्ट अपरान्ह परम पूज्य गुरुदेव को नमोस्तु किया जायेगा। इसके बाद राष्ट्र गान होगा एवं भव्य परेड के साथ समारोह की शुरुआत होगी। यहां टूर्नामेंट दो दिन तक चलेगा।

**आज होगा तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो का राष्ट्रीय नैमेतिक सम्मेलन** इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कल दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में देश भर से तीर्थ क्षेत्र कमेटी पदाधिकारीगण आ रहे हैं। जहां मध्यान्ह में परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज के सान्निध्य तीर्थ क्षेत्र कमेटीयो का राष्ट्रीय नैमेतिक सम्मेलन होगा। इस दौरान तीर्थ क्षेत्रों के विकास के साथ ही तकनीकी दृष्टि को सकारात्मक मोड़ पर ले जाने पर विशेष चर्चा होगी। साथ ही क्षेत्रिय कमेटीयां अपने अनुभव साझा कर संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेंगी। इस सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री के विशेष सुरक्षा अधिकारी रहे पूर्व डीजीपी शांत कुमार विशेष रूप से पधार रहे हैं। दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव श्रागर, धर्मेन्द्र रोकड़िया, संजीव जैन महामंत्री, मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन अनिल बंसल डॉ जितेन्द्र जैन प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर अक्षय अमरोद समाज अध्यक्ष राकेशकासंल महामंत्री राकेशअमरोद सहित अन्य प्रमुख जनों ने सभी से इस सम्मेलन में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

### कमीशन और हफ्ता न देने पर अपराधी ने किए फायर, पीड़ित को लगी दो गोलियां

# अपराधियों के हौसले बुलंद, युवक को गोली मारकर हुए फरार

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट,प्राणघातक हमला व अन्य धाराओं में किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार रात लगभग 10 बजे नेशनल हाईवे पर स्थित वृन्दावन होटल के समीप स्थित पंचर की दुकान के पास हुए हमले में आदतन अपराधी दयाशंकर शर्मा पर प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ता न देने पर एक व्यक्ति पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। हमले में घायल रोहित चंद्रवंशी को दो से अधिक गोलियां लगीं। आरोपियों ने घटना के बाद उसके पास रखे 1.50 लाख रुपये भी लूट लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी दयाशंकर पंडित, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, एवं एक अन्य के विरुद्ध प्राणघातक हमला, लूट एवं अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।



### घटना का विवरण

घायल रोहित पिता हरिचरण चंद्रवंशी उम्र 34 वर्ष, निवासी हनुमान मंदिर के पास कुरावर के बयान पुलिस ने भोपाल के केयर वेल अस्पताल में लिया। रोहित ने बताया कि रात 10 बजे वह तलेन तिराहे पर अपने साथियों सुनील मीणा, पवन मोंगिया, प्रवीण और अजय चंद्रवंशी के साथ था। बाद में वह चाय-नाश्ता करने नेशनल हाईवे स्थित महाकाल होटल पहुंचा, तभी उसे राहुल मीणा का फोन आया और वह सामने स्थित पंचर की दुकान पर पहुंचा। रोहित के अनुसार वहां पहले से दयाशंकर शर्मा, नितिन सक्सेना, सुनील निवासी पीलूखेड़ी, दीपक, राहुल मीणा, अज्जू खान सहित दो अन्य लोग मौजूद थे। आरोप है कि दयाशंकर ने उससे प्रॉपर्टी के काम में कमीशन और हफ्ते की मांग की। रोहित द्वारा मना करने पर विवाद बढ़ गया और दयाशंकर के कहने पर एक साथी ने स्कॉर्पियो से देसी कट्टा निकालकर उसे थमा दिया, जिसके बाद दयाशंकर ने रोहित के कमर के बाईं ओर गोली मार दी। घायल के अनुसार वह घुटनों के बल स्कॉर्पियो तक पहुंचा ही था कि पीछे से एक अन्य आरोपी ने उसके पैर पर डंडा मारा और उसके बाद 3द4 गोलियां और चलाईं। घायल रोहित के अनुसार उसकी जेब में रखी 1 लाख 50 हजार रुपये की राशि आरोपी लेकर फरार हो गए।

### पुलिस की कार्रवाई

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अमित तोलानी ने एक विशेष जाँच टीम (ै्ज) गठित की। सोमवार तड़के एसडीओपी मिनी शुक्ला ने भी मौके पर पहुंचकर परिस्थितियों का जायजा लिया। फिलहाल सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और उनकी तलाश जारी है।

### आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दर्ज हैं मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार दयाशंकर शर्मा आदतन अपराधी के रूप में सूचीबद्ध है। मार्च माह में भी उस पर नेशनल हाईवे सर्विस रोड स्थित डत्थ् टायर शोरूम में पैसे मांगने पर दुकानदार से अभद्रता और दबाव बनाने का मामला दर्ज हुआ था। उस प्रकरण में भी दयाशंकर पुलिस गिरफ्त में नहीं आया और सीधे कोर्ट में पेश हो गया था। सूत्रों के अनुसार आरोपी पहले भी कई मामलों में संलिप्त रहा है।

### एसपी पहुंचे कुरावर पुलिस थाने

दोपहर के समय एसपी अमित तोलानी कुरावर पुलिस थाने पहुंचे जहां उन्होंने मामले में लिप्ट आरोपियों के परिवार जनों से भी पूछताछ की एवं मामले की पूरी जांच में वहां जुट गए।

**शिघ्र होंगे आरोपी गिरफ्तार**

*हमने मामला दर्ज किया है हम मामले की पूरी जांच कर रहे हैं आरोपी शीघ्र ही हमारी गिरफ्त में होंगे।*

*जितेंद्र मवई, थाना प्रभारी कुरावर।*


## शीतलहर के चलते स्कूलों के समय में बदलाव

**राजगढ़।** जिले में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार हो रही गिरावट दर्ज की जा रही है वहीं रात के साथ-साथ दिन में भी शीतलहर चल रही है। गत दिवस राजगढ़ जिले का तापमान पूरे देश में सबसे कम दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत स्कूलों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के समस्त शासकीय एवं अशासकीय सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाएं प्रातः 9 बजे के पहले संचालित नहीं होंगी। उल्लेखनीय है कि जिले के कई निजी स्कूल सुबह 8 बजे से ही कक्षाओं का संचालन आरंभ कर रहे हैं जिसके लिए बच्चों को भीषण सर्दी के बीच सुबह 7 बजे से घर से तैयार होकर निकलना पड़ता था। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उक्त अहम निर्णय लिया गया है।

### संचालन पर रोक लगाने के आदेश जारी

## 15 साल पुरानी बसों पर विभाग ने कसा शिकंजा

**ब्यावरा।** 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी बसें अब सड़कों पर नहीं चल पाएंगी। ऐसी बसों को मप्र परिवहन विभाग ने यातायात के लिए उपयुक्त और सुरक्षित न मानते हुए उन पर रोक लगाने के निर्देश दिए जारी किए है। इस आदेश के बाद आने वाले समय मे जिला परिवहन विभाग अपनी कार्रवाई में तेजी लाएगा और इस तरह की बसों पर कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम जरूरी उपयोगी है परंतु ग्रामीण अंचलों में यातायात को लेकर जो कंडम बसें अपनी संवाएं दे रही हैं उससे आने वाले दिनों में यात्रियों के साथ साथ बस मालिकों को भी परेशानी में डालने वाला है, जो बसे अभी तक प्रशासन के आपसी सामंजस्य से सड़कों पर दौड़ रही थी उन पर रोक लगाना जरूरी है।


मध्यप्रदेश शासन
परिवहन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
भोपाल, दिनांक 14 नवम्बर, 2025
प्रति,
परिवहन आयुक्त
ग्वालियर, मध्यप्रदेश
विषय- 15 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके बस श्रेणी के वाहनों का संचालन नहीं होने बाबत।
मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग
भोपाल, दिनांक 14 नवम्बर, 2025

### पुरानी बसों को यात्रियों के लिए माना असुरक्षित

परिवहन विभाग ने 15 साल पुरानी बसों को यात्रियों की सुरक्षा के मान से खतरनाक व असुरक्षित मानते हुए उनकी जांच जरूरी बताते हुए उन बसों का सचालन पाया जाता है तो बस संचालक के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे। 15 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके बस श्रेणी के वाहनों का संचालन नहीं होने देने के लिए जिला परिवहन अधिकारियों को आदेश जारी किए गए है।

**नशे के दुष्प्रभावों से बचने के बताए उपाय**

## नशा मुक्ति के लिए विहिप ने आयोजित की रन फॉर हेल्थ

**राजगढ़।** नशा मुक्त भारत की परिकल्पना के तहत विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार सुबह मुख्यालय पर रन पर हेल्थ का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकले संगठन के युवाओं द्वारा लोगों से किसी भी तरह का नशा न करने का आगृह किया गया। इसके पूर्व विभाग संगठन मंत्री भानू राजपूत एवं जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप-प्रज्वलित किया। उपस्थितों को संबोधित करते हुए विहिप जिलाध्यक्ष ने उपस्थित युवाओं एवं छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उनसे बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।




### मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

## मनमर्जी के आदेशों के विरोध में उतरे सहा. पशु चिकित्सा अधिकारी




**राजगढ़।** जिले के पशु चिकित्सा विभाग में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने अपने ही विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से आदेश जारी करने के आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिले के सभी पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सोमवार को कलेक्टेट पहुंचे और मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम के ज्ञापन एसडीएम ज्योति राजोरे को सौंपे।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पशुपालन विभाग में कृत्रिम गर्भाधन जैसे प्राकृतिक कार्य को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अनुचित दबाव बनाकर मनमाने तरीके से लक्ष्य प्राप्त कर कागजी आंकड़े तैयार किए जा रहे है। चूंकि, विभाग का कृत्रिम गर्भाधन देने का एकमात्र उद्धेश्य उन्नत नस्ल के पशु उत्पादन कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। कृत्रिम गभाधन जैसा कार्य पूर्णतः प्राकृतिक है। आदर्श परिस्थिति में कृत्रिम गर्भाधन करने से मूल उद्धेश्य की प्राप्ति कुछ हद तक संभव है लेकिन दबाव बनाकर कृतिम गर्भाधन के आंकड़े तैयार करने से किसी का हित नहीं होगा।

**मुख्यमंत्री से किया आग्रह:** ऐसे में मुख्यमंत्री से आगृह किया गया कि पशुपालन की प्राकृतिक एवं तकनीकी वैज्ञानिक विधा मे दक्ष न होने के बावजूद मनमर्जी के आदेश जारी करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों को ऐसा करने से रोका जाए। इस अवसर पर संघटन अध्यक्ष होकमचंद संजोदिया, जाहिद अली, रामबाबू दांगी, हेमराज धाकड़, अरविंद दांगी, जगदीश चंद्र राठौर, पीएस चंद्रावत, जुनेद अली, अर्चना यादव, कुं. सदम मंसूरी, शुभम सक्सेना आदि रहे मौजूद।



### सेवा सदन में जनसुनवाई

#### मंत्री बोले - क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र करें समाधान जन सेवा संकल्प जनहित सर्वोपरि

**सारंगपुर।** मप्र प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ गौतम टेटवाल ने एसडीएम चैराहे पर स्थित सेवा सदन कार्यालय में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनीं और उन्हें शीघ्र एवं प्रभावी समाधान का विश्वास दिलाया। मंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग और विश्वास से यह जनसेवा की यात्रा निरंतर आगे बढ रही है। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बडी प्रेरणा है, और मैं सदैव निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ जनसेवा के इस पावन कार्य में संलग्न रहूँगा। इस दौरान आमजन ने मंत्री के समक्ष पीएम आवास, बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित मांग रखी और समाधान की अपील की, मंत्री ने सभी समस्याओं का हल करने के लिए आश्वास्त किया।

## एमडी ड्रग्स के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशों पर एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना सारंगपुर पुलिस टीम ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक ट्रैकशूट पहने गोल्डन कलर की कार के साथ तारागंज रोड पर खड़ा है और उसके पास अवैध एमडी ड्रग्स है। सूचना पर तुरंत टीम गठित कर कार्रवाई की गई। तारागंज रोड पर बताए गए हुलिये का युवक दिखाई देने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनब्बर अंसारी पिता नासिर अंसारी निवासी बोगदापुल बाग फरहद, थाना ऐशबाग, भोपाल बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से एमडी ड्रग्स 42.50 ग्राम कीमत लगभग 85 हजार घटना में प्रयुक्त गोल्डन कलर की जैन एस्टीलो कार एमपी 04 सीडी 0405 कीमत लगभग 2 लाख 50 हजार जप्त की है। आरोपी के विरुद्ध थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 779/25, धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वही जनचर्चा यह भी है कि आरोपी मछली गैंग का गुर्गा है जिसके ऊपर कई मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी सारंगपुर आकांक्षा हाडा,उनि अमित त्यागी आरक्षक राजवीर,अतुल मोर्य, राकेश धाकड़ शुभम आदि का योगदान रहा।

### बिरसा मुंडा पर व्याख्यान माला का आयोजन



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में एमएसडब्ल्यू बी एस ब्लू की कक्षा में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम हुआ।जनजातीय समुदाय के महानायक बिरसा मुंडा के ऐतिहासिक संघर्ष, समाज सुधार और स्वतंत्रता हेतु उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग के संयोजक गिरिराज गुप्ता ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके द्वारा छेड़ी गई उलगुलान (महाविद्रोह) के ऐतिहासिक महत्व को गाँठते हुए बताया कि बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में अंग्रेजों द्वारा लागू की गई जमींदारी और राजस्व प्रथा के खिलाफ आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता और संस्कृति के संरक्षण हेतु लड़ाई छेड़ी थी।

## सामने आए सरकार को चूना लगाने वाले आउटससोर्स कर्मचारियों के नाम

### बिना काम किए ले रहे थे वेतन, विभाग करेगा कार्रवाई या देगा अभयदान


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम
बिना काम किए निकलती रही आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन
23 में से 12 कर्मचारी ही करते हैं काम बाकी का सिर्फ नाम
पिछले तीन महीनों में कम हुए कर्मचारी
कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑफिशियल जांच जरूरी
इनका कहना है...

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर के सरकारी वेयरहाउस में आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी और वेतन को लेकर गठित की गई जांच टीम की रिपोर्ट के बाद जो सच्चाई सामने आई है वह सरकारी पैसे की बंदरबांट की ओर इशारा करती है। कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के आदेश के बाद जांच टीम ने पाया की ब्यावरा सरकारी वेयरहाउस में 12 आउटसोर्स कर्मचारी ऐसे थे जो बिना काम किए सालों से वेतन ले रहे थे। 50 लाख से ज्यादा के इस घोटाले में कौन-कौन लिप्त है इसका पर्दाफाश होना भी जरूरी है। अब देखना यह है कि वेयरहाउस कार्पोरेशन इस घोटाले को छुपाता है या फिर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए उनसे सरकारी पैसे की रिकवरी करता है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा सरकारी पैसे के दुरूप्योग को लेकर समाचार प्रकाशित किए थे।

### परिवार के लोगों के नाम से निकल रहा था वेतन

जांच टीम के पूर्व हालात यह थे कि वेयरहाउस में आउटसोर्स पर काम कर रहे लोगों ने ही प्रबंधन से सांठ-गांठ कर अपने परिजनों के नाम लिखवा दिए थे और उनके वेतन का आहरण हो रहा था। सालों से निकाले जा रहे इस वेतन का यदि आंकलन किया जाए तो 50 लाख से भी ज्यादा की आर्थिक अनियमितता सामने आएगी।

किसके कहने पर चल रहा था फर्जी आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन का खेल कलेक्टर द्वारा जांच आदेश के बाद 12 कर्मचारी ऐसे निकले जिन्हें कभी वेयरहाउस में देखा ही नहीं गया।

### यह हैं वेयरहाउस के काम करने वाले फर्जी आउटसोर्स कर्मचारी

वेयरहाउस में सालों से काम करने के नाम पर वेतन वसूल करने वाले आउससोर्स कर्मचारियों में -

| क्रमांक | नाम व पिता का नाम |
|---|---|
| 1 | लोकेन्द्र सिंह पिता गोकुल सिंह |
| 2 | चंदनसिंह पिता गोकुल सिंह |
| 3 | लक्ष्मण सिंह पिता गोकुल सिह |
| 4 | सुरेन्द्र सिंह पिता शिवमान सिंह |
| 5 | अजय सिंह पिता गोर्वधन सिंह |
| 6 | गोर्वधन सिंह पिता चांद सिंह |
| 7 | मनोहर सिंह पिता लालसिंह |
| 8 | भूपेन्द्र सिंह पिता लाल सिंह |
| 9 | रिन्कू सिंह पिता जसमान सिंह |
| 10 | रेहान खान पिता जाकिर हबीब |
| 11 | अनिल कुमार पिता मोरसिहं |
| 12 | बंटी पिता गोपाल सिंह |
| 13 | राजनाथ सिंह पिता चरन सिंह |

### ईई ने लिखकर दिया तब माने ग्रामीण

## नहरों में पानी न छोड़ने से गुस्साए किसानों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं के लिए इस समय खेतों में पानी की नितांत आवश्यकता है लेकिन खुजनेर क्षेत्र के 20 से अधिक ग्रामों में अभी तक मोहनपुरा परियोजना की नहरों से पानी नहीं छोड़ा गया है। ऐसे में आक्रोषित किसानों ने सोमवार सुबह करेड़ी और राजपुरा गांव के बीच चक्काजाम कर दिया। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किसानों ने शासन, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी। काफी समय तक चले चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। बाद में विभाग के कार्यपालन यंत्री संदीप दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी 3 दिनों में नहरों से पानी छोड़ दिया जाएगा। इसके बाद भी ग्रामीणजन नहीं माने और उन्होंने यह बात लिखकर देने के बाद ही चक्काजाम खत्म करने की बात कही। काफी समय से लग रहे चक्काजाम को देखते हुए कार्यपालन यंत्री द्वारा 20 नवंबर तक नहरें चालू करने की बात लिखित में देने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

### इन गांवों के किसान रहे शामिल

नहरों से पानी जल्द छोड़ने की मांग पर अड़े किसानों में कालूखेड़ी, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, नानागांव, बरखेड़ा, चांदपुरा, कुंडीबे, मोरपीपली, मोतीपुरा, तलाईखेड़ा, सरेड़ी, हाजीपुरा, वीरेंद्रपुरा, मनोहरपुरा, जोगीपुरा, फूलखेड़ी, करेड़ा, खेडी, खैरासी, भारतपुरा सहित अन्य ग्रामों के लोग शामिल थे।

### जिले की ढाई हजार से अधिक आशा, ऊषा व आशा सहयोगियों का मामला, सौंपा ज्ञापन

# जुलाई से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि, घर चलाना भी हुआ मुश्किल

### स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करती हैं ये सभी महिला कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के रूप में कार्य करते हुए ग्रामीण अंचलों में विभाग के अनेकों दायित्व निभा रहीं आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी कर्मचारियों को एनएचएम द्वारा कभी भी समय पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। आलम यह है कि कुछ ब्लॉकों में तो जुलाई माह से ही इन महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

ऐसे में आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को जिले भर की ये सैकड़ों मैदानी कर्मचारी मुख्यालय पर एकत्रित हुईं। यहां सभी एक रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंची और अपनी मांगों को लेकर पहले जमकर नारेबाजी की। बाद में संघ की जिलाध्यक्ष माधुरी दांगी एवं महासचिव श्यामली के प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने उन्हें अपने चेंबर में बुलवाया और इत्मिनान के साथ उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि वे प्रोत्साहन राशि समय पर दिए जाने व अन्य सभी मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखेंगे।




### वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी सभी से वंचित हैं हम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि हम सभी महिला कर्मचारी मातृ एवं शिशु मृत्युदर को रोकने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, परिवार नियोजना कार्यक्रम, टीकाकरण, बीमारियों से रोकथाम सहित विभाग के अन्य अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। इसके बावजूद आशा, ऊषा एवं आशा सहयोगी बहनें आज बुनियादी अधिकारों जैसे न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेज्युटी, कार्य स्थल पर सामाजिक सुरक्षा तक से वंचित हैं।

### मांग उठाने पर कर देते हैं आंशिक भुगतान

महिला कर्मचारियों ने बताया कि राजगढ़ समेत अन्य जिलों में तीन-तीन महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। अगर हुआ भी है तो आंशिक भुगतान ही किया गया है। अधिकांश ईकाईयों में प्रोत्साहन राशि का भुगतान काफी बकाया है। स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों की तरह हर महीने की 5 तारीख के पहले केंद्र एवं राज्य के हिस्से की एक साथ प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग रखी गई।

### निवार्चन से जुड़े काम भी हमें सौंप रहे

संघटन पदाधिकारियों ने बताया कि एनएचएम द्वारा साल 2023 में सभी जिला निवार्चन अधिकारियों को पत्र जारी कर निवार्चन संबंधी कार्यों में संलग्न न करने का उल्लेख किया गया है, इसके बावजूद इन दिनों चल रहे निवार्चन संबंधी एसआईआर के दायित्व उन्हें सौंपे जा रहे हैं। वे यह काम भी कर सकती हैं लेकिन ऐसा होने पर वे अपने मूल दायित्वों का अच्छे से निवर्हन नहीं कर पाएंगी।

### यह भी रखी मांगे

- वेतन/प्रोत्साहन की सभी बकाया राशियों का भुगतान किया जाए।
- केंद्र द्वारा बढ़ाए गए 1500 रुपए की राशि का एरियर का अविलंब भुगतान हो।
- कंद्र व राज्य के हिस्से का एकमुश्त भुगतान किया जाए।
- आशा एवं पर्यवेक्षकों को किए जाने वाले भुगतान की पर्ची दी जाए।